राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

भारत का भविष्य कौशलयुक्त युवाओं के बल पर ही सँवरेगा-राज्यपाल

पटना, 09 मार्च 2019

''भारत एक युवा राष्ट्र है चूँकि यहाँ की 65 प्रतिशत से अधिक आबादी युवाओं की है। युवाओं को हूनरमंद बनाना तथा उनकी प्रतिभा का राष्ट्रनिर्माण में सदुपयोग करना अत्यन्त आवश्यक है।''– उक्त बातें, महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने स्थानीय बिड़ला इन्स्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, पटना के सभागार में आज आयोजित 'उपाधि समारोह' में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।

राज्यपाल श्री टंडन ने कहा कि आज नये पौरूषपूर्ण और सामर्थ्यवान भारत में युवाओं का कौशल–उन्नयन करते हुए उन्हें हूनरमंद बनाया जा रहा है। तकनीकी क्षमताओं और योग्यताओं को हासिल कर युवा आज रोजगार के लिए दर–ब–दर भटकते नहीं। आज के युवा रोजगार–याचक नहीं बल्कि रोजगार–प्रदाता बन रहे हैं। वे उपभोक्ता नहीं बल्कि उत्पादक के रूप में तैयार हो रहे हैं।

राज्यपाल ने आज उपाधि–प्राप्तकर्त्ता विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई एवं आर्शीवाद प्रदान करते हुए कहा कि 'भारत का भविष्य आपके ही कौशलयुक्त प्रतिभा के बल पर सँवरना है।'

राज्यपाल ने कहा कि 21वीं सदी ज्ञान एवं तकनीकी पर आधारित सदी है। आज सभी युवा ज्ञान और तकनीकी कौशल हासिल कर देश और समाज को बेहतर बनाने में लगे हुए हैं।

राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य बराबर कुछ नये का सृजन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज ज्ञान–विज्ञान के हर क्षेत्र में शोधपूर्ण एवं खोजपरक शिक्षा को महत्त्व दिया जा रहा है।

समारोह में बोलते हुए राज्यपाल श्री टंडन ने कहा कि आज 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के नारे ने बहुत बड़े सामाजिक बदलाव की नींव रख दी है। जीवन के हर क्षेत्र में लड़कियाँ आज काफी बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। राज्यपाल ने कहा कि आज बिहार के लगभग सभी विश्वविद्यालयों के 'दीक्षांत समारोहों' में वितरित होनेवाले दस स्वर्णपदकों में 6–7 पर छात्राओं का ही अधिकार दिखायी पड़ रहा है। श्री टंडन ने कहा कि आज नारी सशक्तीकरण सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि उसका वास्तविक प्रभाव समाज पर दिखाई पड़ रहा है।

कार्यक्रम में बोलते हुए राज्यपाल श्री टंडन ने कहा कि यह भारत का सौभाग्य है कि यहाँ के औद्योगिक घराने भी देश में शिक्षा, कला, संस्कृति आदि के विकास में काफी सहायक रहे हैं। उन्होंने बिड़ला इन्सटीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के पटना कैम्पस की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहाँ के विद्यार्थी तकनीकी शिक्षा अर्जित कर पूरे विश्व में इस संस्थान और पूरे बिहार का नाम रोशन करते हैं।

आगे पृष्ठ...2 पर

कार्यक्रम में राज्यपाल ने बी॰आई॰टी॰, पटना कैम्पस के कई छात्र–छात्राओं को उपाधि भी प्रदान किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य के उद्योग तथा सूचना एवं प्रावैधिकी मंत्री श्री जय कुमार सिंह ने कहा कि राज्य सरकार गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा के विकास हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में पॉलिटेक्निक संस्थान एवं इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने के लिए सरकार पूर्ण तत्पर है।

कार्यक्रम में बिड़ला इन्स्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मेसरा के कुलपति डॉ॰ मनोज कुमार मिश्रा, बी॰आई॰टी॰, पटना कैम्पस के निदेशक प्रो॰ बी॰के॰सिंह तथा बी॰आई॰टी॰ देवघर के निदेशक प्रो॰ आर॰सी॰ झा आदि ने भी संस्था की उपलब्धियों की जानकारी दी।

इस अवसर पर संस्थान के रजिस्ट्रार प्रो॰ ए॰पी॰ कृष्णा, परीक्षा नियंत्रक प्रो॰ जे॰पी॰ पाण्डेय आदि भी उपस्थित थे। समारोह में महामहिम राज्यपाल एवं माननीय सूचना व प्रावैधिकी मंत्री को कुलपति ने अंगवस्त्रम एवं स्मृति–चिह्न भेंट कर उनका अभिनन्दन भी किया।

....